**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
**मुख्य कार्यालय**/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066
Bhavishya Nidhi Bhawan , 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi -110066
www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

संख्या: हि.अ./नराकास/ददि-1/प्रतियोगिता/3369 दिनांक: 14.08.2017

सेवा में

सभी सदस्य कार्यालय,
नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति,
दक्षिण दिल्ली-1

**विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, दक्षिण दिल्ली-I के सदस्य कार्यालयों के लिए "अपना हुनर दिखाएं (Show Your Talent)" प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, दक्षिण दिल्ली-I, के सदस्य कार्यालयों हेतु "अपना हुनर दिखाएं (Show Your Talent)" प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 12.09.2017 को 02:00 बजे (अपराह्न) में इस कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में किया जाएगा।

2. इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतियोगी अपनी रचनात्मक प्रतिभा, यथा- कविता पाठ, गायन, अभिनय, मिमिक्री इत्यादि का प्रदर्शन अपनी रूचि के अनुसार करेंगे। प्रत्येक प्रतियोगी के लिए अधिकतम 03 मिनट का समय निर्धारित होगा। प्रतियोगिता हिंदी भाषी तथा गैर हिंदी भाषी प्रतियोगियों के लिए अलग-अलग होगी तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार क्रमश: रूपये 5000/-, रूपये 3000/- एवं रूपये 2000/- होंगे। किसी भी वर्ग में अगर प्रतियोगियों की संख्या 20 से कम होगी, तो प्रतियोगिता संपन्न नहीं होगी।

3. अत: अनुरोध है कि अपने कार्यालय की ओर इस प्रतियोगिता हेतु दो कर्मिकों की प्रविष्टि इस कार्यालय को ई-मेल tolic.epfo@epfindia.gov.in /डाक द्वारा दिनांक 30.08.2017 तक अवश्य प्रेषित कर दें। 30.08.2017 के बाद प्राप्त प्रविष्टियां स्वीकार्य नहीं होगी।

विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कार दिनांक 18.09.2017 को अपराह्न 03:00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी, 30-31, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110 058 में अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

भवदीय,

(एम. एस. कालिया)
अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (प्र.से.प्र.)